The


# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# DAILY CURRENT AFFAIR

13 - 12– 2022

TUESDAY



## 1. isro ने एयर ब्रीदिंग इंजन स्क्रैमजेट इंजन का किया सफल परीक्षण



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधन संगठन (इसरो) ने 28 अगस्त 2016 को स्क्रैमजेट इंजन का सफलतापूर्क परीक्षण किया. इसे सुपरसोनिक कॉमब्यूशन रैमजेट इंजन के नाम से भी जाना जाता है. इस इंजन को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया.वैज्ञानिकों का कहना है कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी) में हाईपरसोनिक स्पीड (ध्वनि की गति से तेज) पर इस इंजन का उपयोग किया जाएगा. इस टेस्ट के साथ ही भारत ने नासा, रूस और यूरोपियन यूनियन की बराबरी कर ली है.इस स्क्रैमजेट इंजन का वजन 3,277 किलोग्राम है. रॉकेट को जमीन से 20 किलोमीटर ऊपर भेजा गया. वहां इंजन ने लिक्विड हाइड्रोजन फ्यूल को जलाने के लिए 5 सेकंड तक एटमॉस्फियर से ऑक्सीजन ली. इसके बाद वह बंगाल की खाड़ी में गिर गयाइस तकनीक के पूर्णतया विकसित हो जाने पर आकार में बड़े सेटेलाईटों को छोटे वाहन से भी प्रक्षेपित किया जा सकेगा. एयर ब्रीदिंग प्रोपलज़न सिस्टम (एबीपीएस) वातावरण से ही ऑक्सीजन लेकर रॉकेट में ईंधन भरता है जिससे इसकी कार्यप्रणाली और भी आसान हो जाती है. वर्तमान ईंजन रॉकेट के ईंधन के रूप में ऑक्सीडाईजिंग एजेंट्स का उपयोग किया जाता है जिससे वाहन भारी हो जाता है एवं इसकी लागत भी अधिक हो जाती है. एटीवी दो स्टेज का लॉन्चर है जो सॉलिड मोटर से कार्य करता है, इसमें रोहिणी आरएच 560 साउंडिंग रॉकेट का उपयोग किया जाता है. यह तीन टन के साउंडिंग रॉकेट आरच-560 सुपरसोनिक कम्बशन रैमजेट पर आधारित होता है.

## 2. वर्ष 2022 के जमनालाल बजाज पुरस्कार की 4 श्रेणियों की हुई घोषणा



मध्य प्रदेश के झाबुआ सहित पांच जिलों के एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के जरिए वहां के दो लाख परिवारों के जीवन में बदलाव लाने में लगे निलेश देसाई सहित चार लोगों को 44 वें जमनालाल बजाज फाउंडेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक रघुनाथ माशेलकर ने सभी विजेताओं को पुरस्कार के रुप में दस लाख रुपए,ट्रॉफी व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। फाउंडेशन की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करनेवाली हस्तियों को हर साल यह पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार मुख्य रुप से चार श्रेणियों में दिया जाता है। इस बार पुरस्कार की पहली श्रेणी में रचनात्मक कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए निलेश देसाई को सम्मानित किया गया हैं। दूसरी श्रेणी में ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग हेतु गुजरात के मनसुख भाई प्रजापति को सम्मानित किया गया हैं। तीसरी श्रेणी महिलाओं एवं बच्चों के विकास एवं कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ओडिशा की सोफिया शेख को सम्मानित किया गया है। जबकि चौथी श्रेणी में भारत के बाहर गांधीवादी मूल्यों को प्रोत्साहन देने के लिए लेबनान की डॉ.ओगरिट योनन व डॉ वलीद स्लेबी को सम्ममानित किया गया है। देसाई के कार्य से दो लाख परिवार हुए लाभान्वित समारोह से पहले निलेश देसाई ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा कि आदिवासियों को शोषण से मुक्ति दिलाने व उनका जीवन स्तर सुधारने के लिए के लिए मैंने जन भागीदारी के जरिए झाबूआ जिले में अपने सामाजिक कार्य की शुरुआत की। मैंने सबसे पहले यहां का जल संकट दूर किया। फिर यहां पर ग्रामकोष की शुरुआत कर भील आदिवासियों को साहुकारों के

चंगूल से मुक्ति दिलाई। शिक्षा के लिए मैंने इलाके में पहले रात्री स्कूलों की शुरुआत की।

### 3. देश का सबसे बड़ा व्यावसायिक जेट टर्मिनल कोच्चि हवाई अड्डे




कोच्चि हवाईअड्डा बिजनेस जेट टर्मिनल संचालित करने वाला देश का चौथा हवाईअड्डा बन जाएगा, जब मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन शनिवार को गेटवे का शुभारंभ करेंगे। बिजनेस जेट टर्मिनल, जो चार्टर संचालन को संभालेगा, देश में सबसे बड़ा भी होगा, जो 40,000 वर्ग फुट क्षेत्र को कवर करेगा।हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने कहा कि पिछले साल अकेले, कोच्चि हवाई अड्डे ने लगभग 700 से अधिक व्यावसायिक जेट विमानों को संभाला, जो महत्वपूर्ण है क्योंकि विमानन क्षेत्र महामारी के बाद के संकट से पूरी तरह से उबर नहीं पाया है।उन्होंने कहा, 'हम इस महीने के अंत में आईपीएल नीलामी और जी20 बैठक के दौरान अच्छे कारोबार पर नजर गड़ाए हुए हैं।' आईपीएल की नीलामी इस महीने के अंत में कोच्चि में आयोजित की जाएगी, जबकि बंदरगाह शहर 2023 जी20 लीडर्स समिट से पहले एक मंत्रिस्तरीय बैठक की मेजबानी करने के लिए भी तैयार है।कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) द्वारा संचालित, गेटवे अंतरराष्ट्रीय और घरेलू व्यापार जेट सेवाओं, पर्यटन और व्यापार बैठकों को एकीकृत करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। प्रवेश द्वार में एक विशेष निजी कार पार्किंग स्थान, एक ड्राइव-इन पोर्च, एक भव्य लॉबी, पांच आरामदायक लाउंज, एक व्यापार केंद्र, चेक-इन, आप्रवासन, सीमा शुल्क, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रणाली, शुल्क मुक्त दुकान, एक विदेशी जैसी सुविधाएं हैं। एक्सचेंज काउंटर और एक अत्याधुनिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली। इसके अलावा उच्च सुरक्षा वाले वीआईपी मेहमानों के लिए एक 'सेफ हाउस' भी बनाया गया है।अल्ट्रामॉडर्न सुविधाओं के साथ अपेक्षाकृत कम लागत वाली व्यावसायिक जेट यात्रा की अवधारणा इस टर्मिनल के खुलने से प्राप्त होगी, क्योंकि उत्पादन की लागत न्यूनतम थी। विमानन क्षेत्र के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सीआईएएल ने कई परियोजनाओं और उपक्रमों की योजना बनाई है।

### 4. पूर्व उपराष्ट्रपति वैंकय्या नायडू 25वें श्री चंद्रशेखरेन्द्र सरस्वती राष्ट्रीय श्रेष्ठता पुरस्कार से सम्मानित




पूर्व उपराष्ट्रपति वैंकय्या नायडू को 25वां श्री चंद्रशेखरेन्द्र सरस्वती राष्ट्रीय श्रेष्ठता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर मुंबई में पूर्व उपराष्ट्रपति वैंकय्या नायडू ने कहा कि पुरस्कार अन्य लोगों के लिए जुटकर काम करने की प्रेरणा के लिए दिया जाता है। सामंती प्रवृत्ति की आलोचना करते हुए श्री नायडू ने कहा कि भारतीय सभ्यता वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास के कारण फल-फूल रही है। उन्होंने ये भी कहा कि विश्व भारत को देख रहा है और विश्व भर में हमारे देश की पहचान बनी है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत अपनी परंपराओं का पालन करेगा तो यह एक बार फिर विश्व गुरू बन सकता है।अन्य विभिन्न श्रेणियों में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, प्रमुख उद्योगपति रतन टाटा, हृदय रोग विशेषज्ञ और पद्म विभूषण से सम्मानित डॉक्टर मार्थांडा वर्मा संकरण वेल्लियानाथन, भारत सरकार के वैज्ञानिक सलाहाकार अजय सूद और प्रसिद्ध हरि कथा कलाकार विशाखा हरि को सम्मानित किया गया।

### 5. दीपिका पादुकोण फीफा विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण करने वाली पहली ग्लोबल एक्टर




बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण (Deepika Padukone) को कतर में चल रहे फीफा वर्ल्ड कप (FIFA World Cup Qatar 2022) में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, बॉलीवुड एक्ट्रेस ने अपने फैंस को गर्व महसूस करने का मौका दिया है, क्योंकि उन्हें दुनिया में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले स्पोर्ट्स इवेंट फीफा वर्ल्ड कप के फाइनल में ट्रॉफी का अनावरण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बता दें कि फीफा वर्ल्ड कप 2022 फुल स्विंग के साथ कतर में चल रहा है। 18 दिसंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। एक्ट्रेस के एक करीबी सूत्र ने न्यूज 18 से इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दीपिका पादुकोण (Deepika Padukone Fifa World Cup) कतर में चल रहे फीफा वर्ल्ड कप की फाइनल ट्रॉफी का अनावरण करेंगी। सूत्रों ने बताया कि दीपिका जल्द ही फुटबॉल महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए कतर जाएंगी और फाइनल के दिन खचाखच भरे स्टेडियम में फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी का अनावरण करेंगी।दीपिका ने इसी साल प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में इंडिया को रिप्रेजेंट किया था। वो 75वें फेस्टिवल डी कान्स की जूरी मेंबर्स में शामिल हुई थीं। वो पल दीपिका के फैंस के लिए बहुत खास था। सभी एक्ट्रेस पर बहुत गर्व महसूस कर रहे थे।एक्ट्रेस के आगामी फिल्मों की बात करें तो दीपिका पादुकोण जल्द ही शाहरुख खान और जॉन अब्राहम के साथ 'पठान (Pathaan)' में दिखाई देंगी। यह बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है जो अगले साल जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 6. संयुक्त अरब अमीरात ने पहले चंद्रयान राशिद का सफलतापूर्वक किया



संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने राशिद मून रोवर (Rashid Moon Rover) को सफलतापूर्वक प्रेक्षपित किया. चांद की सतह पर उसका यह पहला मिशन है. दुबई (Dubai) में मोहम्मद बिन राशिद अंतरिक्ष केंद्र (MBRSC) के अनुसार राशिद रोवर अत्यधिक मूल्यवान डेटा, छवियां प्रदान करेगा, साथ ही साथ सौर प्रणाली की उत्पत्ति, हमारे ग्रह और जीवन से संबंधित मामलों पर वैज्ञानिक डेटा का संग्रह भी करेगा. अमेरिका के फ्लोरिडा में केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से SpaceX फाल्कन 9 रॉकेट पर सवार संयुक्त अरब अमीरात निर्मित राशिद रोवर एक जापानी चंद्र लैंडर हकुतो-आर पर था. यूएई के उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने प्रेक्षपण के बाद ट्वीट किया कि "राशिद रोवर यूएई के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम का हिस्सा है, जो मंगल ग्रह से शुरू हुआ, चंद्रमा की ओर बढ़ा और जल्द ही शुक्र तक पहुंच गया. हमारा अगला कदम बड़ा और ऊंचा है.एमबीआरएससी ने चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के साथ सितंबर में संयुक्त अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें चांग'-7 पर सवार अगला यूएई रोवर चंद्रमा पर भेजना शामिल है. जिसे 2026 में प्रेक्षपित करने की योजना है.

## 7. हिमालय की तीन औषधीय पादपों को IUCN रेड लिस्ट में किया गया



हिमालय पर्वत पर जीवनदान देने वाली संजीवनी समान जड़ी-बूटियों का खजाना है. आज भी आयुर्वेद में इलाज के लिए इस्तेमाल होने वाली ज्यादातर दवाएं हिमालय की गोद में ही पैदा हो रही हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण कई जड़ी-बूटियां विलुप्त हो चुकी है. हाल ही में इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजरवेशन ऑफ नेशन ने भी हिमालय में पाए जाने वाले 3 औषधीय पौधों को अपनी रेड लिस्ट में जोड़ा है. इन 3 औषधीय पौधों में मीज़ोट्रोपिस पेलिटा, फ्रिटिलोरिया सिरोहोसा और डैक्टाइलोरिज़ा हैटागिरिया मीज़ोट्रोपिस पेलिटा का नाम आ रहा है. एक आर्टिकल में आपको बताएंगे कि ये जड़ी-बूटियां इंसान की सेहत के लिए कितनी जरूरी है, कहां ये पौधे उगते हैं और क्यों ये विलुप्ति की कगार पर है. आईयूसीएन की रेड लिस्ट में शामिल मीज़ोट्रोपिस पेलिटा, फ्रिटिलोरिया सिरोहोसा और डैक्टाइलोरिज़ा हैटागिरिया मीज़ोट्रोपिस पेलिटा को औषधीय गुणों से भरपूर मानते हैं. यहां जानिए इनके क्या फायदे हैं.फ्रिटिलारिया सिरोसा (हिमालयन फ्रिटिलरी)- यह एक सहाबहार बल्बनुमा औषधी है. 22 से 26 साल में हुईं रिसर्च के आधार पर इन जड़ी-बूटी की उपलब्धता में 30 फीसदी गिरावट दर्ज की गई है. इस गिरावट का कारण है खराब अंकुरण क्षमता, अधिक व्यापार मूल्य, बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और अवैध व्यापार. इन सभी चुनौतियों के मद्देनजर ही आईयूसीएन ने हिमालयन फ्रिटिलरी को रेड लिस्ट में जोड़ा है. चीन में इस जड़ी-बूटी का इस्तेमाल ब्रोन्कियल विकारों और निमोनिया जैसी बीमारियों में किया जाता है. पारंपरिक चीनी चिकित्सा में इसे खांसी और इंफेक्शन की दवा भी बताया गया है. वहीं डैक्टाइलोरिज़ा हटगिरिया (सलामपंजा) को भी वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन और पशुओं की चराई से खतरा है. आयुर्वेद में इस जड़ी-बूटी का इस्तेमाल पेचिश, बुखार, खांसी और पेट दर्द के इलाज में किया जाता है. ये जड़ी-बूटी सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि अफगानिस्तान, भूटान, चीन, भारत, नेपाल और पाकिस्तान से सटी हिमालयी पर्वत श्रृंखला में पाई जाती है.

### 8.दिल्ली नगर निगम की पहली ट्रांसजेंडर पार्षद बनी बॉबी किन्नर



दिल्ली नगर निगम चुनाव की मतगणना जारी है. ताजा रिपोर्ट में आम आदमी पार्टी बहुमत हासिल करती दिखाई दे रही है. वहीं चर्चित दिल्ली सुल्तानपुरी A वार्ड नंबर 43 से बॉबी किन्नर ने जीत हासिल कर ली है. इस मुकाबले में बॉबी किन्नर ने बीजेपी की एकता जाटव को शिकस्त दी है. एमसीडी के 250 वार्ड में कई ऐसी सीट है जो काफी सुर्खियों में रही. इसमें से एक दिल्ली सुल्तानपुरी वार्ड नंबर 43 काफी में चर्चा रही, क्योंकि आम आदमी पार्टी ने यहां से एकमात्र किन्नर प्रत्याशी को एमसीडी (MCD) चुनावी मैदान में उतारा था. दिल्ली नगर निगम के इतिहास में बॉबी किन्नर पहली सदस्य होंगी जो दिल्ली नगर निगम के सदन में पहुंच रही हैं. यानी पहली बार कोई ट्रांसजेंडर समुदाय किसी वॉर्ड का प्रतिनिधित्व करेगा. 38 वर्षीय बॉबी किन्नर आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई से जुड़े कई संगठनों में पदाधिकारी भी रह चुकी हैं. इसके अलावा बेहद सक्रिय कार्यकर्ता रही हैं. अन्ना आंदोलन से बॉबी काफी प्रेरित रही और आम आदमी पार्टी बनने के बाद से ही वह उससे जुड़कर कार्य कर रही थी. निश्चित तौर पर यह केवल बॉबी किन्नर की नहीं बल्कि आम आदमी पार्टी के छवि को भी प्रभावित करने वाली जीत होगी. सुबह 8 बजे दिल्ली नगर निगम चुनाव की मतगणना शुरू होते ही एक बड़े उलटफेर के भी संकेत मिल रहे थे. जब बीजेपी ने शुरुआती रुझान में बढ़त बना ली थी, लेकिन सभी वार्डों के नतीजे आते-आते एग्जिट पोल के अनुसार आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी

पार्टी व बहुमत के तरफ बढ़ती दिखाई दे रही है. दिल्ली सरकार के साथ-साथ एमसीडी में भी अब आम आदमी पार्टी की सरकार होगी. सबसे निचली इकाई से आम आदमी पार्टी का मेयर होगा, जिसके कंधों पर राजधानी के बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने की अब बड़ी जिम्मेदारी होगी.

## ONE LINER

**कौन सी कंपनी, घरेलू तकनीक से निर्मित लिथियम-आयन सेल बेचने के लिए BIS सर्टिफिकेशन हासिल करने वाली भारत की पहली कंपनी बन गयी है-** गोदी इंडिया (GODI India)

**नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप कम्पटीशन्स (NSCC) 2022 में किसने विमेंस एयर पिस्टल नेशनल चैंपियनशिप का टाइटल जीता है-** दिव्या टीएस

**किस स्पेस एजेंसी ने दुनिया का पहला कमर्शियल लूनर लैंडर लॉन्च किया है-** आईस्पेस (जापान)

**'RRR' के म्यूजिक कंपोजर एमएम केरावनी ने लॉस एंजिल्स फिल्म क्रिटिक्स एसोसिएशन का कौन सा अवार्ड जीता है-** बेस्ट म्यूजिक स्कोर अवार्ड

**नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप कम्पटीशन्स (NSCC) 2022 में किसने मेंस 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल इवेंट में नेशनल टाइटल जीता है-** विजय कुमार

**संस्कृति मंत्रालय ने देश भर में कला, संस्कृति तथा शिल्प के विकास के लिए कितने क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना की है-** 07

**हाल ही में किसे न्यूयॉर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन समूह पेंगुइन रैंडम हाउस का अंतरिम सीईओ नामित किया गया है-** निहार मालवीय

**देश के पर्यटन मंत्रालय ने 24x7 बहुभाषी पर्यटक सूचना-हेल्पलाइन, 10 अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं सहित कितनी भाषाओं में स्थापित की है-** 12

## QUIZ

**1. प्रतिवर्ष यूनिसेफ डे कब मनाया जाता है?**

(a) 3 दिसंबर
(b) 7 दिसंबर
(c) 11 दिसंबर
(d) 13 दिसंबर

**Explanation - :**प्रतिवर्ष 11 दिसंबर को यूनिसेफ दिवस मनाया जाता है। यूनिसेफ को पहले संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब इसे आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के रूप में जाना जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, संयुक्त राष्ट्र ने उन बच्चों की भलाई के लिए मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष की स्थापना की थी, जिनका भविष्य खतरे में था। यह संस्था बाल अधिकारों की रक्षा भी करता है और उन्हें अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने में सहायता करता है।

**2. कौन सा राज्य भारत में स्वयं का जलवायु परिवर्तन मिशन शुरू करने वाला पहला राज्य बन गया है?**

(a) केरल
(b) गुजरात
(c) हिमाचल प्रदेश
(d) तमिलनाडु

**Explanation - :**तमिलनाडु अपना जलवायु परिवर्तन मिशन स्थापित करने वाला भारत

का पहला राज्य होगा। इसके लिए तमिलनाडु सरकार पिछले साल सितंबर में ग्रीन तमिलनाडु मिशन और इस साल अगस्त में तमिलनाडु वेटलैंड्स मिशन शुरू किया। राज्य जलवायु कार्य योजना को एक विशेष प्रयोजन वाहन, तमिलनाडु ग्रीन क्लाइमेट कंपनी (TNGCC) के माध्यम से लागू किया जाएगा।

**3. किस शहर ने यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) दिवस 2022 का आयोजन किया?**

(a)अहमदाबाद

(b) वाराणसी

(c) भोपाल

(d) बेंगलुरु

**Explanation - :**केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने वाराणसी में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की है। इसके उद्घाटन समारोह में, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने एबी-एचडब्ल्यूसी और टेली-मानस के साथ-साथ सीएचओ और सशक्त साइट के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल के लिए परिचालन दिशानिर्देश पेश किए। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की भी सराहना की।

**4. आर बीआई ने हाल ही में किस देश के साथ करेंसी स्वैप समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?**

(a) जापान

(b) श्री लंका

(c) मालदीव

(d) बांग्लादेश

**Explanation - :**भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सार्क करेंसी स्वैप फ्रेमवर्क के तहत, मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण (MMA) के साथ मुद्रा स्वैप समझौता किया है। यह सुविधा के माध्यम से RBI, MMA को RBI से अधिकतम 200 मिलियन अमरीकी डालर तक की विभिन्न किश्तों में धन निकालने की अनुमति देती है।

**5. 9वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस (डब्ल्यूएसी) और आरोग्य एक्सपो 2022 का उद्घाटन किस राज्य में हुआ?**

(a) गोवा

(b) गुजरात

(c) बिहार

(d) पश्चिम बंगाल

**Explanation - :**9वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस (डब्ल्यूएसी) और आरोग्य एक्सपो 2022 का आयोजन पणजी, गोवा में किया गया। इसके माध्यम से वैश्विक स्तर पर आयुष चिकित्सा प्रणालियों की प्रभावकारिता को प्रदर्शित किया गया. इसी दिन 'आयुष्मान कॉमिक बुक सीरीज' के तीसरे अंक का भी विमोचन किया गया। साथ ही अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) और रोसेनबर्ग की यूरोपियन एकेडमी ऑफ आयुर्वेद, जर्मनी ने पारंपरिक भारतीय औषधीय प्रणालियों में उन्नत अध्ययन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**6. किस खिलाड़ी ने 65वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप, 2022 में वीमेंस एयर पिस्टल में गोल्ड जीता है?**

(a) संस्कृति बाना

(b) दिव्या टी.एस

(c) मनु भाकर

(d) रिदम सांगवान

**Explanation** - :कर्नाटक की शूटर दिव्या टी एस ने 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता (65वीं एनएससीसी) में आज भोपाल में एमपी अकादमी शूटिंग रेंज में, गोल्ड मैच में उत्तर प्रदेश की संस्कृति बाना को 16-14 से हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में अपना पहला नेशनल चैंपियनशिप जीती। पिस्टल इवेंट्स में हरियाणा की रिदम सांगवान ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

**7. 11 दिसंबर, 2022 को किस लीडर को SIES अवार्ड से सम्मानित किया गया है?**

(a) निर्मला सीतारमन

(b) रामनाथ कोविंद

(c) पीयूष गोयल

(d) वेंकैया नायडू

**Explanation** - :पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू को 25वां श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती नेशनल एमिनेंस अवार्ड (एसआईईएस) से सम्मानित किया गया है। पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कल मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यह पुरस्कार लोगों को उनके द्वारा चुने गए किसी भी पेशे में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करने के लिए है।